प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

19.12.2024 **1945 बजे**

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए कानून बनाने की घोषणा की–कहा–कांग्रेस के किसी भी मंत्री व विधायक पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं।
- भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से किया वाकआउट।
- प्रदेश में सुख सम्मान निधि योजना में 8 लाख से अधिक महिलाओं ने किया आवेदन।
- राज्य सरकार के एक सौ 51 कार्यालयों को निजी से सरकारी भवनों मे ंशिफ्ट करने पर एक करोड़ 31 लाख रूपए के राजस्व की हुई बचत।

मुख्यमंत्री जवाब

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए एक्ट बनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिकता होनी चाहिए। धर्मशाला के तपोवन में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज उन्होंने सदन में विपक्ष द्वारा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर लाए गए काम रोको प्रस्ताव पर दो दिनों तक हुई चर्चा के जवाब में ये बात कही। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस के एक भी विधायक या मंत्रियों पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने स्पष्टवादिता से फैसले लिए हैं और आगे भी सरकार इसी तरह फैसले लेगी। उन्होंने कहा कि जहां प्रदेश का हित नहीं होगा, वहां सरकार कोई समझौता नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों से कहा कि सदन में ठेकेदारों की लड़ाई लड़ना ठीक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में सारा भू–माफिया भाजपा का है और सरकार न तो प्रदेश की संपदा को लूटने देगी और न ही लुटाने देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां भी भ्रष्टाचार के सबूत मिलेंगे, वहां कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार ने पहले दिन से ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया है।

उन्होंने नादौन में 80 कनाल जमीन बेचे जाने संबंधी विवाद पर कहा कि यह जमीन भाजपा कार्यकर्ताओं की है और पार्टी की अंतर्कलह के कारण भाजपा उन्हें फंसाना चाह रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में सत्ता सुख के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आई है। उन्होंने भाजपा पर कांग्रेस सरकार को समय–समय पर षड्यंत्र रचकर अस्थिर करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने भाजपा के कच्चे चिट्ठे को उसकी आंतरिक कलह का सबसे बड़ा सबूत करार दिया। मुख्यमंत्री ने अपने जवाब में जब आबकारी नीति और शराब के ठेकों की नीलामी से एक ही साल में 6 सौ करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व जुटाने का जिक्र किया तो विपक्षी दल भाजपा के सदस्य पहले

अपनी सीटों पर खड़े होकर हंगामा करने लगे और कुछ ही देर की नारेबाजी व शोरगुल के बाद पूरा विपक्ष नारे लगाते हुए सदन से बाहर चला गया।

वाकआउट

इस बीच सदन से वाकआउट करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए जवाब को झूठा करार देते हुए सदन में झूठ बोलने का आरोप लगाया।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव पर सदन में हुई चर्चा में भाग लेते हुए सुक्खू सरकार को भ्रष्टाचार के मुददे् पर घेरा। पेखूबेला पावर प्लांट पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा दी गई सफाई पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार पर विपक्ष का भरोसा टूट गया है और भाजपा मुख्यमंत्री द्वारा रखे गए तथ्यों की जांच करने के बाद ही इस मुद्दे पर अपनी टिप्पणी देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो साल से कांग्रेस की सरकार है और यदि उसे पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के किसी भी काम पर संदेह है तो वह आरोप लगाने के बजाय जांच करवाए। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में एक ऐसी आउटसोर्स एजेंसी पंजीकृत हुई है जो आउटसोर्स पर नौकरी देने से पहले ही युवाओं से पैसे ले रही है।

मुख्यमंत्री

इससे पहले ऊना जिले के पेखूबेला में सोलर पावर प्लांट की स्थापना में कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पेखूबेला सोलर पावर प्लांट देश के अन्य हिस्सों में स्थापित प्लांट की तुलना में काफी सस्ता है। उन्होंने कहा कि यह प्लांट राजस्थान और गुजरात में स्थापित इसी तरह के प्लांट की तुलना में 25 फीसदी कम लागत पर स्थापित हुआ है। पेखूबेला सोलर प्लांट मामले पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार को इस बात का फक्र है कि उसने ऊना जिला को बिजली उत्पादन वाला जिला बनाया है। अग्निहोत्री ने कहा कि अभी तक केवल हाईडल प्रोजेक्ट की बात होती थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाकर एक नई शुरूआत की है।

प्रश्नकाल

प्रदेश में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना में 8 लाख से अधिक महिलाओं ने आवेदन किया है। विधानसभा में विधायक सुखराम चौधरी के सवाल के लिखित जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ये जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं को सुख सम्मान निधि प्रदान करने का प्रावधान है। उन्होंने विधायक रणधीर शर्मा व विक्रम सिंह के संयुक्त सवाल के जवाब में बताया कि राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा चलाए जा रहे 30 होटल व 10 रेस्टोरेंट घाटे में चल रहे हैं। विधायक विपिन परमार के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष 30 जून तक विभिन्न विभागों, बोर्डों व निगमों के अधीन एक सौ 51 कार्यालयों को

निजी भवनों से सरकारी भवनों में शिफ्ट करने के बाद सरकार को एक करोड़ 31 लाख 39 हजार से अधिक के राजस्व की बचत हुई है।

विरोध प्रदर्शन

शिमला जिला के कुपवी के टिक्कर में मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान जंगली मुर्गा परोसने के मामले में भाजपा विधायक और मीडिया कर्मियों पर मुकदमा दर्ज किए जाने पर भाजपा विधायक दल ने आज धर्मशाला के तपोवन में विरोध प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने जंगली मुर्गे के साथ प्रदर्शन किया और सरकार से पत्रकारों व भाजपा विधायक के खिलाफ मुकद्दमा वापिस लेने की मांग की।

सिकंदर कुमार

केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा है कि सरकार ने एक राष्ट्र एक सदस्यता योजना को अनुमोदित किया है। यह योजना कैलेंडर वर्ष 2025, 2026 और 2027 के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों के प्रबंधन के तहत सभी उच्चतर शिक्षण संस्थानों को विद्वानों के शोध लेखों और जर्नल प्रकाशनों तक पहुंच प्रदान करती है। राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 30 प्रतिष्ठित प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित 13 हजार से अधिक विद्वानों की पत्रिकाओं को एक राष्ट्र एक सदस्यता में शामिल किया गया है और इन तीन वर्षों में इन पत्रिकाओं की सदस्यता के लिए 5 हजार 9 सौ 99 करोड़ 87 लाख आबंटित किए गए हैं।

सुरेश कश्यप

केन्द्रीय रेल और सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि हिमाचल में इस वर्ष पहली अप्रैल तक 13 हज़ार एक सौ 68 करोड़ रूपये की लागत वाली 2 सौ 55 किलोमीटर लंबाई की चार नई रेलवे लाइने योजना अनुमोदन निर्माण चरण में है। सांसद सुरेश कश्यप द्वारा लोकसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसमें से 61 किलोमीटर लंबाई की रेल लाइन को कमिशन कर दिया गया है और मार्च 2024 तक 6 हज़ार 2 सौ 25 करोड़ रूपए खर्च किए जा चुके है। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि जगाधरी और पांवटा साहिब के बीच नई लाईन के लिए सर्वेक्षण पूरा हो चुका है ओर काला अम्ब और पांवटा साहिब के रास्ते घनौली से देहरादून के लिए एक अन्य सर्वेक्षण किया गया है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भानुपल्ली बिलासपुर बेरी नई रेल लाईन परियोजना में एक सौ 24 हैक्टेयर भूमि में से प्रदेश में 79 दशमलव 57 हैक्टेयर भूमि अधिग्रहित कर ली गई है। उन्होंने कहा कि अब तक इस परियोजना पर 5 हजार 2 सौ 5 करोड़ रूपए खर्च हो चुके हैं और हिमाचल सरकार द्वारा एक हजार 3 सौ 51 करोड़ की राशि बकाया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपनी प्रतिबधताएं पूरी न करने के कारण इन परियोजनाओं की प्रगति प्रभावित हुई है।

' मुख्य समाचार '

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए कानून बनाने की घोषणा की–कहा–कांग्रेस के किसी भी मंत्री व विधायक पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं।
- भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से किया वाकआउट।
- प्रदेश में सुख सम्मान निधि योजना में 8 लाख से अधिक महिलाओं ने किया आवेदन।
- राज्य सरकार के एक सौ 51 कार्यालयों को निजी से सरकारी भवनों मे ंशिफ्ट करने पर एक करोड़ 31 लाख रूपए के राजस्व की हुई बचत।